सामान्य भ्रूण रीढ़ - मध्य-तिमाही स्कैन
(Normal Fetal Spine – Mid-trimester scan)

मरीज़ों के सूचनार्थ श्रृंखला -
आपको क्या जानना तथा क्या पूछना चाहिए ।

मध्य तिमाही में भ्रूण के मेरुदंड का मूल्यांकन अल्ट्रासाउंड द्वारा क्यों किया जाता है ?

मध्य तिमाही में भ्रूण का अल्ट्रासाउंड द्वारा मूल्यांकन , जिसे अनोमेली स्कैन अथवा २० सप्ताह का अल्ट्रासाउंड भी कहा जाता है , वह अल्ट्रासाउंड है जिसे १८-२२ वें सप्ताह के बीच में किया जाता है !

इंटरनैशनल सोसायटी आफ अल्ट्रासाउंड इन आब्सटेट्रिक एवं गायनाकोलोजी (ISUOG) की अनुशंसा है कि इस अल्ट्रासाउंड मूल्यांकन को नियमित रूप से प्रसव पूर्व जाँच में शामिल कर लेना चाहिए ।

इस समय अल्ट्रासाउंड का काम है कि भ्रूण को मापें ताकि विकास की असमानताओं का पता जल्दी चल सके और जन्मजात विकृतियों का आकलन हो सके ।

गर्भावस्था के इस चरण में भ्रूण का इतना पर्याप्त विकास हो चुका होता है कि अल्ट्रासाउंड करने वाले को भ्रूण का एक एक अंग साफ़ तौर पर दिख सके , जैसे ह्रदय , मस्तिष्क और मेरुदंड ।

मेरुदंड का मूल्यांकन कैसे किया जाता है?

भ्रूण के मेरुदंड का मूल्यांकन नियमित विसंगति अल्ट्रासाउंड जाँच में ही किया जाता है । भ्रूण के मेरुदंड का मूल्यांकन केन्द्रीय तंत्रिका तन्त्र के मूल्यांकन का आधारभूत हिस्सा है ।

तंत्रिका तंत्र नली की विसंगतियाँ जैसे स्पाइना बाइफिडा , केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र की बहुत आम विसंगति है जो १-२ केस प्रति १००० जन्म पर पायी जाती हैं ।

भ्रूण के मेरुदंड मूल्यांकन में संतुष्टि के लिए विशेषज्ञता और बहुत सूक्ष्म दर्शिता की ज़रूरत है और इस परीक्षण का परिणाम भ्रूण की गर्भ में स्थिति पर बहुत अधिक निर्भर करता है !

यदि मेरूदंड में किसी विकृति का संदेह हो तो क्या किया जाता है ?

यदि स्कैन करते समय किसी विसंगति की शंका हुई तो स्कैन करने वाला व्यक्ति आपको विशेषज्ञ के पास भेज सकता है ।

मेरूदंड का विस्तृत और विशिष्ट मूल्यांकन बुनियादी स्कैन का हिस्सा नहीं हैं तथापि अग्र -पश्च तथा अनुप्रस्थ (ट्रांसवर्स) व्यू काफ़ी जानकारी देती है ।

भ्रूण के मेरुदंड को अलग अलग तरफ़ से देख कर मेरुदंड की अन्य विरुपताओं को पहचान सकते हैं जैसे कशेरुका की असामान्यताऐं और मेरुदंड की विलुप्त नोक(सैक्रल एजेनेसिस) ।

- **मैं अन्य कौन से प्रश्न पूछ सकती हूँ ?**
- **भ्रूण के मेरूदंड का मूल्यांकन क्या पूरा हो गया?**
- **क्या भ्रूण का मेरुदंड ठीक है?**
- **क्या मुझे इसके अतिरिक्त भी इमेजिंग करवाना पड़ेगा ?**